तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 तीन दिन की राहत के बाद अब होगा भीषण गर्मी से सामना, पारा में 1 डिग्री की वृद्धि



## खबर संक्षेप

### स्वीप संध्या का आयोजन 30 को

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के उद्देश्य से एक शाम वोटर्स के नाम थी पर स्वीप संध्या का आयोजन 30 अप्रैल को सायं 5 बजे इंदिरा पार्क बैकुंठपुर में किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मृतक के वारिस के लिए 12 लाख मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 12 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी है। तहसील सोनहत के ग्राम पश्चिमपारा, उज्ञांव की शांति की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस श्रीमती मानमती, ग्राम अमहर उपरपारा के बिहारीलाल की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिस श्रीमती शांति एवं ग्राम चंदहा की मंजू कुमारी की आकाशीय बिजली गाज गिरने से मृत्यु होने पर उनके वारिस नंद कुमार के लिए क्रमशः 4-4 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4)के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई हैं।

### महिला के गले से सोने की चेन ले उड़े बाइकर्स

**अम्बिकापुर।** शहर में चेन स्नेचिंग की घटना बढ़ने लगी है। मंदिर सहित भीड़ भाड़ क्षेत्र में अमूमन महिलाओं के गले से सोने की चेन पार करने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि पुलिस ने सोने के चैन चोरी करने वाली कुछ महिलाओं को हालही में पकड़ा था परंतु अब महिलाओं के बजाय बाइक सवार युवकों द्वारा चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने लगे। बीती रात भी बाइक सवार दो युवकों ने स्कूटी सवार महिला के गले से सोने का चैन झपट्टा मार ले उड़े। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार केदारपुर भट्टी रोड निवासी अनिल कुमार शाह आ. अनिरूद्ध शाह (41 वर्ष) बती रात 8 बजे पिता अनिरुद्ध शाह व मां फुल कुमार शाह का स्कूटी में बैठाकर रिश्तेदार प्रयाग साहू के घर बिलासपुर रोड लक्ष्मीपुर जा रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार अस्पताल रोड मणिपुर के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने स्कूटी के बगल में बाइक को सटा कर महिला के गले में पहने सोने के चैन को झपट्टा मार कर लेकर फरार हो गए। स्कूटी सवार जब तक बाइक सवार का पीछा करते इससे पहले ही बाइक सवार उनके आंखो से उझल हो गए। अनिल कुमार शाह ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई।

### टैंकर पलटा, डीजल लूटने ग्रामीणों में मची होड़

**रामानुजगंज।** गुरुवार की सुबह यूपी से डीजल लेकर जा रहा टैंकर अनियंत्रित होकर फूली डूमर घाट पर पलट गया। टैंकर पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया लेकिन घटना के बाद टैंकर से डीजल बहता देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गयी। ग्रामीण बाल्टी, ड्रम में डीजल भरकर अपने साथ ले गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही समय रहते वाहन को सीधा कर गंतव्य की ओर रवाना किया। बताया जा रहा है कि टैंकर उत्तरप्रदेश से डीजल लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहा है। इस दौरान सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही वाहन बसंतपुर थाना अंतर्गत फूलीडूमर घाट पर पहुंचा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और डीजल से भरा टैंकर सड़क किनारे पलट गया। टैंकर पलटने के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण टैंकर से डीजल गिरता देख घरों से बाल्टी और ड्रम लेकर डीजल एकत्रित करने में जुट गए। दुर्घटना व ग्रामीणों में डीजल लूटने की होड़ मच गई।

## कोयलांचल नगरी पहुंचे बागेश्वरधाम के प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री, हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़

# श्रीराम-हनुमान सबसे ताकतवर, सनातन धर्म को करें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रमुख कोयलांचल नगरी चिरमिरी में शुक्रवार को बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीराम एवं हनुमंत कथा वाचन करने पहुंचे। रायपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए श्री शास्त्री अपने तय समय से कुछ घंटे की देरी से चिरमिरी पहुंचे। चिरमिरी शहर में पहली बार पहुंचे बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीराम हनुमंत कथा को सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी रही।

■ चिरमिरी में फिर करेंगे पांच दिवसीय कथा

कथा स्थल पर बनाए गए पंडाल में सुबह 9 बजे से ही लोग अपने-अपने जगह पर बैठे नजर आए। बागेश्वर धाम प्रमुख श्री शास्त्री ने श्रीराम कथा एवं हनुमंत कथा के दौरान सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का आह्वान भी किया। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपने चिर-परचित अनोखे अंदाज में श्रीराम कथा के साथ हनुमंत कथा सुनाई। इस दौरान वे बीच-बीच में अपने अनोखे अंदाज में उपस्थित लोगों को पागलों कहकर संबोधित करते हुए अपने विचार भी रखते रहे। उन्होंने प्रदेश को लेकर कहा कि छग महतारी है, देश को भी हम भारत माता कहते हैं, ऐसा कोई भी देश को माता कहकर संबोधित नहीं किया जाता, जिससे समझा जा सकता है कि बाकि सभी देश बेटे हैं, इसके अलावा चिरमिरी को प्रकृति से परिपूर्ण है, जिसके कारण यह छग का शिमला कहा जाता है। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीराम के आदर्शों का बखान करने के साथ श्री हनुमान के गुणगान कर लोगों में जमकर उत्साह भरें और सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि हमारे श्रीराम हनुमान सबसे ताकतवर है तो किसी और धर्म की ओर आकृष्ट होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि छग में धर्म परिवर्तन अधिक है, लेकिन यहां के लोगों को ऐसे किसी ⏭ शेष पेज 4 पर



कथा वाचन करते धीरेन्द्र शास्त्री।



मंच पर उपस्थित साधु संत।



### जल्द ही लगेगा दिव्य दरबार

बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि अभी तो मैं कथा करने आया हूं, लेकिन जल्द ही आचार संहिता खत्म होने के बाद चिरमिरी में दिव्य दरबार भी लगाने आऊंगा, इसके लिए चार-पांच दिन रूककर दरबार लगाने की बात कही, इससे लोगों में उत्साह भर गया। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को पंडित धीरेन्द्र शास्त्री पहली बार कोयलांचल नगरी चिरमिरी पहुंचे और उन्होंने कहा कि चिरमिरी अच्छी जगह है और जल्द ही दरबार लगाने यहां आऊंगा, इसके लिए उन्होंने सामूहिक रूप से उपस्थित सभी लोगों की अर्जी भी लगवाई।

### छग की प्रशंसा

बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने श्रीराम एवं हनुमंत कथा के बीच छग प्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि छग जैसा कोई प्रदेश नहीं है। यह प्रदेश ही नहीं बल्कि महतारी है। यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। उन्होंने छग का प्रमुख स्लोगन को भी छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। इस स्लोगन को लोगों से भी दोहराया। छग के लोगों की प्रशंसा करते हुए व्यंग करते हुए छग के लोगों के बारे में बताया।

### श्रीराम हनुमंत कथा सुनने पहुंचीं सरोज

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की प्रमुख कोयलांचल नगरी चिरमिरी में शुक्रवार को बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीराम एवं हनुमंत कथा वाचन करने पहुंचे।चिरमिरी शहर में पहली बार पहुंचे बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। यहां लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे भी कथास्थल पहुंचीं और धीरेन्द्र महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथास्थल पर बनाए गए पंडाल में सुबह 9 बजे से ही लोग बैठे नजर आए। बागेश्वर धाम प्रमुख श्री शास्त्री ने श्रीराम कथा एवं हनुमंत कथा के दौरान सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का आह्वान भी किया। पंडित शास्त्री ने अपने चिर-परचित अंदाज में श्रीराम कथा के साथ हनुमंत कथा सुनाई।

■ बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से लिया आशीर्वाद

# सूरज की तेज तपिश से झुलस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अब लगातार कई दिनों से मौसम साफ रहने के कारण न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी धीरे-धीरे होनी शुरू हो गई है। दिन में लगातार आसमान के साफ रहने के कारण सूर्य की तपिश महसूस होने लगी है, इसके कारण हवाएं गर्म होने लगी है।

इस वर्ष अप्रैल के महीने तक मौसम का मिजाज बनते बिगड़े रहा, इसके कारण गर्मी का असर ज्यादा अप्रैल माह में नहीं रहा, लेकिन माह के अंतिम दिनों अब धीरे-धीरे गर्मी बढ़ना शुरू हो गया है। दिन के समय तेज धूप का असर होने लगा, जिसके कारण तापमान भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था, इसी तरह लगातार आसमान साफ रहता है तो आने वाले कुछ दिनों में तेज गर्मी का असर महसूस होना शुरू हो जाएगा।



सूनी सड़क, दोपहर की धूप में निकलने से बच रहे हैं लोग।

### कर्क रेखा क्षेत्र में गर्मी की तपिश रोक रहे सघन वन

कोरिया जिला वनों से आच्छादित जिला है। कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र से कर्क रेखा गुजरी है और जिले के सोनहत जनपद के जिस क्षेत्र से कर्क रेखा गुजरी है, उन क्षेत्रों में सघन वन है, साथ ही सोनहत पठारी क्षेत्र है और समुद्र तल से ऊंचाई भी अधिक है। इन तमाम कारणों से सोनहत जनपद क्षेत्र से कर्क रेखा गुजरने के बावजूद सघन वन कर्क रेखा की तपिश को रोक रहे हैं, जिसके कारण कर्क रेखा गुजरने के बावजूद उन क्षेत्रों में गर्मी की तपिश का असर ज्यादा नहीं होता है, जबकि कर्क रेखा के आस-पास के इलाकों में जमकर गर्मी पड़ती है, लेकिन कोरिया जिले से गुजरने वाली कर्क रेखा वाले इलाकों में भौगोलिक कारणों से गर्मी की प्रचंडता का असर कम ही रहता है।

### मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 1 एवं 2 मई को

**बलरामपुर।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के सुगम संचालन के लिए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में 1 एवं 2 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2 तथा मतदान अधिकारी 3, संगवारी मतदान दल, युवा एवं दिव्यांग मतदान दलों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में 3423 अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित होंगे, जिनका द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराए जाने के लिए समस्त विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रथम चरण में आयोजित प्रशिक्षण 13 अप्रैल को मतदान अधिकारी क्रमांक 02 के दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में किया गया था। इसमें विकासखंड सोनहत के माध्यमिक शाला बसेर के शिक्षक दिग्विजय सिंह पैकरा अनुपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने दिग्विजय सिंह को प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, किंतु श्री पैकरा द्वारा नियत समय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं समय-सीमा के कार्य के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही घोतक है, जोकि छग सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियत-3 (क) के ⏭ शेष पेज 4 पर

# जेईई मेंस की परीक्षा में विकास क्वालिफाई



**चरचा कॉलरी।** हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल के एक छात्र को जेईई में स्थान प्राप्त हुआ है।

चरचा क्षेत्र के बड़ी मंदिर स्थित हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल में अच्छे नंबरों से पास होकर एक छात्र विकास कुमार पलहे ने स्कूल का नाम रोशन करते हुए जेइ मेंस 12 वीं पास कर 2024 में अपना स्थान प्राप्त कर हिन्द विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की सभी शिक्षक-शिक्षकाएं एवं विद्यालय के परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी गई। इस उपलब्धि को देखते हुए विकास पलहे के परिजन ने स्कूल संस्था के प्राचार्य को बच्चे के अच्छे भविष्य बनाने को लेकर धन्यवाद दिया और कहा कि हमारे बच्चे के साथ-साथ स्कूल के अन्य बच्चों को ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पस्ता पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है। साइबर सेल बलरामपुर व पस्ता थाना पुलिस को 24 अप्रैल को सूचना मिली थी कि दो युवक झारखंड के गढ़वा से भारी मात्रा में नशीली दवाएं लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहे है। सूचना मिलने के बाद संयुक्त टीम द्वारा एनएच 343 पर ग्राम पाढ़ी में घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवारों को रोककर उनकी तलाशी ली। युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से 400 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। युवक झारखण्ड से अवैध मादक इन्जेक्शन लेकर अंबिकापुर की ओर खपाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मामले में राजपुर निवासी 29 वर्षीय अजय जायसवाल आ. सुरेंद्र जायसवाल व महादेवपारा घोरगड़ी निवासी सुरदर्शन प्रसाद गुप्ता आ. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# श्रमिकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

■ स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर शुक्रवार को खड़गवां जनपद के कई ग्रामों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मौके पर शत-प्रतिशत मतदान शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों के दौरान श्रमिकों जिसमें युवा, महिला, पुरुष सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे, उन्हें मतदाता जागरूकता के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को ग्राम पंचायत तामडांड़, जरौंधा, पोंडीडीह, टेडमा, उधनापुर, गोविंदपुर व दुग्गी में चल रहे कार्य स्थल में पहुंचकर श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए प्रेरित किया और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान मनरेगा पीओ, टीए उपस्थित रहे।



शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ लेते श्रमिक।

### जिला कार्यालय में स्थापित किया गया है कंट्रोल रूम

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिले में 7 मई को मतदान है। निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए जिला कार्यालय मं 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका टेलीफोन नंबर 07771-299046 है। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के ऑनलाइन रिपोर्टिंग के लिए आम नागरिकों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप्प तैयार किया गया है। सी-विजिल में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 100 मिनट के अंदर किया जाना होता है। इस प्रकार सी-विजिल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण का एक सशक्त माध्यम है।

## राजनैतिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन

# 279 बैलेट और 24 कंट्रोल यूनिट समेत 65 मशीनों का रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभा क्रमांक 03 बैकुंठपुर का शुक्रवार को क्लेक्टोरेट परिसर में स्थित एनआईसी कक्ष में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं विभिन्न दलों के राजनैतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

तृतीय चरण में होने वाले कोरबा संसदीय, लोकसभा निर्वाचन में महज डेढ़ सप्ताह ही बचे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय बैकुंठपुर द्वारा लगातार निष्पक्ष, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही मतदाताओं को मतदान के लिए जन-जागरूकता भी किया जा रहा है। वहीं रेंडमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य के लिए 25 अप्रैल को जिला पंचायत के आडिटोरियम में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। 26 अप्रैल को एनआईसी कक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। 279 बैलेट यूनिट, 24 कंट्रोल यूनिट व 65 मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपका नेताम उपस्थित रहे।



रेंडमाइजेशन में उपस्थित कलेक्टर व राजनीतिक दल के प्रतिनिधि।

### मतदाताओं को किया जाएगा आमंत्रण कार्ड का वितरण

लोकसभा निर्वाचन मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने स्थानीय हाट-बाजारों में आमंत्रण कार्ड का वितरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार कोरिया एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में किया जाएगा। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने स्थानीय हाट-बाजारों में आमंत्रण कार्ड का वितरण 27 अप्रैल को शाम 4 बजे विकासखंड बैकुंठपुर के बाजारपारा पटना, 28 अप्रैल को शाम 4 बजे बाजारपारा बैकुंठपुर, 30 अप्रैल शाम 5 बजे बाजार क्षेत्र छिन्दडांड़ एवं 1 मई शाम 4 बजे विकासखंड सोनहत के बाजार मैदान सोनहत में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### डेंगू की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**कोरिया कॉलरी।** इन दिनों गर्मी के प्रभाव से मौसमी बीमारी का खतरा हर किसी को बना हुआ है, जिसे देख मितानिन व महिला आरोग्य समिति के सदस्यों के द्वारा डेंगू के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कोरिया कॉलरी के एसईसीएल मैदान में कार्यक्रम दौरान डेंगू से बचे जाने के सुझाव के साथ लिखा पोस्टर अपने हाथ में थाम कर प्रदर्शन किया और लोगों को मच्छरों के ना पनपने देने का सुझाव दिया। यूं तो कोरिया कॉलरी में इलाज के लिए कोई अस्पताल तक नहीं होने से यह बीमारी और ज्यादा गंभीर है। मितनिन व महिला आरोग्य समिति के सदस्यों ने हमेशा से अपनी जिम्मेदारी को हाथ में लेकर तरह-तरह के जन जागरूक कार्यक्रम चलाया जाता है। पूरे कार्यक्रम दौरान एमटी बिंदु के अगुवाई में अन्य सदस्य सोनमती, पूर्णिमा, चंदमणी, कुंती, साजरा, भारती, प्रीति और भुनेश्वरी मौजूद रही।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश साहू संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के द्वारा प्रदेश स्तर पर नए पदाधिकारी का गठन किया गया जिसमें कोरबा जिले के गिरधारी लाल साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष, गजानंद साहू को प्रदेश संगठन सचिव एवं पालु राम साहू (पार्षद) को प्रदेश प्रचार सचिव बनाया गया है। जिसमें इकाई मानिकपुर साहू समाज के द्वारा 21 अप्रैल को शाम 5 बजे सुभाष चौक कोरबा में नवीन पदाधिकारी का सम्मान का आयोजन किया गया था। प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी लाल साहू ने समाज को संगठित करने एवं एकजुटता के साथ सामाजिक विकास करने की बात कही। साहू समाज के बालाराम साहू, चितरंजन साहू, राजेश्वर साहू, दिनेश साहू, रामेश्वर साहू, सियाराम साहू, अवध राम साहू, बुद्धेश्वर साहू, भागवत साहू, एन.डी.साहू, संतु साहू, श्रीमती अंजू साहू, मुरारी साहू, रामकिशोर साहू, छबि लाल साहू, रामलाल साहू, गणेश प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### श्याम भजन संध्या का आयोजन

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार में श्याम भजन संध्या का आयोजन हरदीबाजार में जगदीश अग्रवाल के द्वारा बुधवार को आयोजित किया गया था। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा खाटूश्यामजी का दरबार सजाया गया। सभी भक्तों ने आरती कर बाबा का जयकारे लगाते हुए आशीर्वाद लिया। वहीं शक्ति से आए श्याम भजन गायक अभिषेक गर्ग ने अपने भजनों से सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बिलासपुर से आईं श्याम भजन गायिका रुचिका तिवारी ने अपने मधुर आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी बाबा खाटूश्यामजी के लिए गीत पर ताली बाजाकर रमे रहे। इस दौरान गुरुदेव नारायण महाराज अपनी धर्मपत्नी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, थापा बाई अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, चुलेश्वर राठौर, श्यामू जायसवाल, रितेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हरिराम अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, राजाराम राठौर, प्रमोद राठौर, डां.विजय राठौर, कन्हैया राठौर, दिलीप राठौर, सुरेश राठौर, ब्रह्मानंद राठौर, नरेश राठौर, जेपी तिवारी, दीपक राठौर, जितेन्द्र राठौर, मोना राठौर, सत्या कंवर, घनश्याम जायसवाल, कमलेश जायसवाल, हरिशंकर पटेल, बलदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह का आयोजन 1 तक

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत उतरदा के रेलडबरी शाकम्भरी मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासी पटेल समाज के द्वारा श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह, श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान 25 अप्रैल से आरंभ होकर 1 मई को श्रीराम जानकी विवाह, पाणिग्रहण संस्कार एवं 2 मई को हवन, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा व्यास पीठ से कथा वाचिका पंकजा दीदी व प्रज्ञा दीदी अपने मुखारविंद से शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक कथा श्रवण कराएंगे। प्रतिदिन प्रातः मानस पाठ व दैनिक प्रार्थना, आरती पश्चात भोजन भंडारा होगा।

## यात्रियों को धूप में खड़ा होकर करना पड़ता है इंतजार

# अमृत मिशन में शामिल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 में अभी तक नहीं बना पूरा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार की अमृत मिशन योजना में शामिल कोरबा रेलवे स्टेशन में वाहन स्टैंड से लेकर यात्री प्रतिक्षालय एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जाने की स्वीकृति मिलने के साथ फंड भी जारी हुआ है, किंतु प्लेटफार्म क्रमांक 2 यात्रियों को अभी भी धूप में गाड़ियों का इंतजार करना पड़ता है। प्लेटफार्म में सभी जगह शेड का निर्माण नहीं होने से यात्रियों के समक्ष यह मजबूरी है।

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 में जहां शेड का विस्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्लेटफार्म क्रमांक 2 के दोनों हिस्सों में शेड निर्माण की दरकार बनी हुई है। जितनी जगह शेड बना है गर्मी और बरसात में यात्रियों को खड़े होने की जगह भी कम पड़ जाती है, जबकि यात्रियों के लिए प्लेटफार्म में शेड का होना आवश्यक सुविधा में शामिल है। किंतु रेलवे को करोड़ों का राजस्व देने वाले कोरबा रेलवे स्टेशन को कई सुविधाओं का इंतजार है। जिनमें सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हॉल के साथ शेड का निर्माण शामिल है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 की स्थिति ऐसी है कि गर्मी में यात्रियों को पानी भी सुलभ नहीं हो पाता। सुविधा के लिए जो व्यवस्था की गई है वह भी व्यवस्थित नहीं है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 में एक ओर ही शौचालय और पेयजल का प्रबंध है। वहीं दूसरा हिस्सा इससे दूर नजर आ रहा है। अमृत मिशन की योजना अंतर्गत रेलवे स्टेशन में सौंदर्यीकरण का कार्य पहले शुरू किया गया है। वाहन पार्किंग के स्थान पर रेलवे प्रबंधन गार्डन का निर्माण करा रहा है, किंतु यात्रियों के लिए शेड निर्माण कार्य को प्राथमिकता से नहीं लिया गया। परिणाम यह है कि जीतने समय में गार्डन का निर्माण होगा उतने ही समय में प्लेटफार्म क्रमांक 2 में शेड का निर्माण किया जा सकता था, किंतु प्रबंधन को रेलवे स्टेशन की सुंदरता की ज्यादा जरूरत महसूस हुई।


**खास बात**

- अमृत मिशन योजना में शामिल है कोरबा



कोरबा का रेलवे स्टेशन जहां अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य।

### टीन के शेड में चल रहा टिकट काउंटर



रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री में टिकट काउंटर टीन के शेड में चल रहा है। यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से रेलवे ने मानिकपुर कोल साइडिंग की ओर सेकेंड एंट्री की शुरूआत की थी, किंतु आज वह विरान नजर आ रही है। यात्रियों के लिए बनाए गए टिकट घर टीन के शेड में चल रहा है। एसईसीएल मुड़ापार की ओर से आने वाले यात्रियों को यह टिकट घर कभी कभार बंद नजर आता है। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन छूटने के पहले ही टिकट घर खोला जा रह है।

### लंबे समय से बनी हुई है दरकार

प्लेटफार्म क्रमांक 2 में यात्री गाड़ियों के परिचालन से प्लेटफार्म क्रमांक 1 की तरह ही सर्वसुविधायुक्त तैयार करने की योजना बनी थी, जो अब तक मूर्तरूप नहीं ले सकी, जबकि प्लेटफार्म क्रमांक 2 में शेड निर्माण की दरकार लंबे समय से बनी हुई है। यात्री सलाहकार समिति एवं रेलवे संघर्ष समिति के द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 2 में यात्री सुविधाएं बढ़ाने के मद्देनजर कई मर्तबा रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर यात्रियों को होने वाले असुविधाओं से अवगत भी कराया गया है।



# प्रयास स्कूल के 6 छात्र जेईई मेंस में सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरूवार को घोषित किए गए जेईई मेंस परीक्षा परिणाम में जिले में संचालित प्रयास स्कूल के 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, 22 छात्र परीक्षा में सम्मिल हुए थे। प्रयास स्कूल में विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा छात्रों को जेईई मेंस और नीट की तैयारी कराई जाती है। लगातार जेईई मेंस परीक्षा में प्रयास स्कूल के छात्रों को सफलता मिल रही है।

जेईई मेंस परीक्षा के लिए प्रयास स्कूल के 22 छात्रों ने अपना पंजीयन कराया था। जिले के प्रयास स्कूल के 6 छात्रों को सफलता मिली है। जिन छात्रों को सफलता मिली है उनमें दो छात्रों को प्रथम स्थान मिला है। स्कूल में एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य श्रेणी के टॉपर छात्रों को कोचिंग दी जाती है। स्कूल के बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को प्रयास स्कूल में प्रवेश दिया जाता है। जिसमें विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा छात्रों को कोचिंग दी जाती है। बीते वर्ष स्कूल से 7 छात्रों को सफलता मिली थी। इस वर्ष कटअप मार्क काफी ऊपर जाने के बावजूद भी स्कूल के छात्रों को सफलता मिली है। छात्रों के कोचिंग को लेकर स्कूल के प्राचार्य गौरव शर्मा के द्वारा लगातार गहन निरीक्षण किया जाता है। सर्व सुविधायुक्त स्कूल में छात्रों को कोचिंग के लिए बाहर की संस्था के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक भेजे गए हैं।

### इन छात्रों को मिली सफलता

| छात्रों का नाम | प्राप्त अंक | रेंक |
|---|---|---|
| गायत्री मरावी | 78.92 | 01 |
| दिलेश मरावी | 77.09 | 02 |
| आयुष कुमार | 60.98 | 03 |
| गुलशन कुमार | 64.44 | 04 |
| शीला सिंह | 51.97 | 05 |
| जीत गढ़ेवाल | 64.33 | 01 |

# अग्निशमन सेवा सप्ताह से जागरूकता को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अग्नि सुरक्षा अभियान के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस साल के थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाने का कार्य किया गया। सप्ताह भर चले इस पहल में कर्मचारी, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। विभिन्न पहल के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया। 14 अप्रैल को शुरू हुए इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा के महत्व बढ़ावा देते हुए क्विज़, ड्राइंग और स्लोगन सहित आकर्षक प्रतियोगिता कार्यक्रम को आयोजिक की गई। बालको ने आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों और तैयारियों पर केंद्रित एक विशेष नुक्कड़ नाटक था। बालको द्वारा कंपनी के विभिन्न विभाग और उप-व्यावसायिक इकाई (एसबीयू) से अग्नि सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों को सराहा गया। कंपनी ने एनटीपीसी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों सहित कोरबा के आसपास के अन्य औद्योगिक कंपनियों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए कहा कि असुरक्षित कार्यों के रोकथाम के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है।

**खास बात**

- बालको में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



# बोलेरो ने मोपेड को मारी टक्कर, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोपेड सवार दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने बोलेरो को जप्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिला के प्रेम नगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरिहरपुर निवासी श्याम कुमार 35 वर्ष पिता बुद्धमान सिंह धनवार व कोटलाल उर्फ भोला धनुवार पिता राय सिंह मोपेड में सवार होकर मोरगा बाजार आए हुए थे। जहां से बाजार कर दोनों मोपेड में वापस अपने गृहग्राम हरिहरपुर जा रहे थे कि मोरगा से कुछ ही किलोमीटर आगे बढ़े थे कि गायमाड़ा के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 19 बीडी 2757 के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही मोपेड सवार कोटलाल उर्फ भोला की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल श्याम कुमार को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पोड़ी उपरोड़ा में दाखिल कराया गया था। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।



**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र में हुई घटना
- मोरगा बाजार से घर लौट रहे थे दोनों मोपेड सवार

### एनएच 130 पर लगातार हो रहे हादसे

जिले के कटघोरा-अंबिकापुर एनएच 130 में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। पुलिस इस मार्ग में ब्लेक स्पॉटों को चिन्हांकित कर हादसों को रोकने की दिशा पर भी प्रयास कर रहा है लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग में वाहन हवा की रफ्तार से बातें करते हैं। जिसके चलते जरा सी चूक होते ही मार्ग में दुर्घटनाएं हो जाती है और लोग काल के गाल में समा जाते हैं। लगातार इस मार्ग में बढ़ती दुर्घटनाओं ने प्रशासन व पुलिस की चिंता बढ़ा दी है।

### दो कार में भिड़ंत, टीपी नगर चौक में रात को हंगामा

**कोरबा।** देर रात को रेलवे क्रॉसिंग टीपी नगर के बीच दो कार के बीच भिड़ंत हो जाने से जमकर बखेड़ा खड़ा हो गया। एक कार में आरक्षक सवार था जबकि एक अन्य कार में एक युवक सवार था। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करते रहे। बाद में पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीएसईबी चौकी पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक चंदन यादव रात को अपनी कार से मुड़ापार से थाना कोतवाली जा रहा था जबकि आरामशीन बस्ती निवासी सुनील दास महंत कोरबा की ओर से टीपी नगर फाटक की ओर से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान दोनों कारों के बीच भिड़ंत हो गई फिर क्या था दोनों कार से नीचे उतर गए और दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे और इस दौरान हादसे के होते ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे। बाद में दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ इस मामले की शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस में दर्ज कराई है। जहां दोनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# स्याही के निशान के साथ सेल्फी दिखाएं खरीदी पर मिलेगा आकर्षक डिस्कांउट

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा जिला प्रशासन व शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, औद्योगिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का सहयोग इस कार्यक्रम में लिया जा रहा है।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की इस अनोखी पहल से निश्चित रूप से मतदाता मतदान हेतु जागरूक होंगे तथा मतदान प्रतिशत बढेगा। जिला चेम्बर आफ कामर्स तथा नगर के व्यवसायियों ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। लोकसभा निर्वाचन में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो, सभी लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। इस हेतु व्यवसायियों ने अनोखी पहल करते हुए मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके द्वारा खरीदे गए सामान पर आकर्षक डिस्कांउट दिए जाने की घोषणा की गई है। यह डिस्कांउट व्यवसायियों द्वारा दिए जा रहे नियमित डिस्कांउट के अतिरिक्त होगा। अभी तक जिले के एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों द्वारा डिस्कांउट की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा विगत दिवस जिला चेम्बर आफ कामर्स व व्यवसायीबंधुओं की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता की दिशा में उनकी सहभागिता का आव्हान किया गया था। कोरबा शहर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, व्यवसायीबंधुओं व जिला चेम्बर आफ कामर्स के साथ-साथ अन्य व्यापारी संघों के द्वारा अनूठी पहल करते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है।

**खास बात**

- जिला चेम्बर आफ कामर्स एवं व्यवसायियों ने की मतदाताओं से मतदान करने की अपील

# सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में देंगे सक्रिय सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर संचालित किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने आधिपत्य वाले क्षेत्रों, आवासीय कालोनियों आदि में विभिन्न दृश्य व श्रब्य माध्यमों आयोजनों, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, रैली आयोजन व अन्य गतिविधियों से मतदाताओं, विशेषकर प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। 1 मई श्रमिक दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अनिवार्य मतदान के लिए श्रमिकों कर्मचारियों को मार्गदर्शन देंगे, साथ मतदान के दिन श्रमिकों को मतदान हेतु एक निश्चित समयावधि का अवकाश देंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत चुनावों में सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के रहवासी व आवासीय क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत अत्यंत कम व निराशाजनक रहा है। शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, यह जिला प्रशासन का लक्ष्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा इस अभियान से सभी को जोड़ा जा रहा हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में एसडीएम केरबा श्रीकांत वर्मा ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में नगर के सभी सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिष्ठानों की विशेष सक्रिय सहभागिता पर बिन्दुवार चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनावों में यह बात परिलक्षित हुई है।



बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने हरसंभव प्रयास

बैठक के दौरान सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सभी प्रतिष्ठानों द्वारा कर्मचारियों को मतदान हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही होर्डिंग, पम्पलेट, क्लब की गतिविधियों, विद्यालयों आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्य आगे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, मतदान तिथि व समय सहित आवासीय क्षेत्र की दीवालों पर अंकित कराकर लोगों को अनिवार्य मतदान के प्रति प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारी संघों के माध्यम से श्रमिकों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ अन्य विभिन्न प्रचार प्रसार माध्यमों से इस दिशा में कार्य करेंगे।

## 1 से 5 मई तक भुगतान करने का अधीक्षण यंत्री ने दिया लिखित आश्वासन

# सब स्टेशन कर्मियों की हड़ताल समाप्त, त्रिपक्षीय वार्ता में समझौता

**कोरबा।** जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले सब स्टेशन कर्मियों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला था ना ही बोनस दिया गया था।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सब स्टेशन कर्मियों ने आंदोलन का रुख कर दिया था जिसे लेकर विद्युत व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही थी। गुरुवार को हड़ताल को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता हुई जहां अधीक्षक यंत्री ने लिखित में आश्वासन दिया। इसके बाद सब स्टेशन कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दिया है और शाम को सभी कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस भीषण गर्मी में तापमान 44 डिग्री के पार है। ऐसे में लगातार बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है और विद्युत व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होना एक बड़ी लापरवाही सामने आती है। इस विद्युत व्यवस्था का संचालन करने वाले सब स्टेशन कर्मियों को पिछले 2 महीने का वेतन और बोनस नहीं मिला था। जिसे लेकर सब स्टेशन कर्मी बुधवार से हड़ताल पर चले गए थे। जिसके चलते शहर की विद्युत व्यवस्था बिगड़ती जा रही थी। सब स्टेशन का संचालन करने के लिए विद्युत विभाग के अफसरों द्वारा सभी सब स्टेशनों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई थी लेकिन जिस तरह से गर्मी के दौरान विद्युत व्यवस्था का संचालन करना किसी चुनौती से कम नहीं था।

# ओवर ईटिंग, असमय एवं गुणवत्ताहीन भोजन हमारे स्वास्थ्य में सबसे बड़े बाधकः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद् निःशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरी, भारत माता एवं मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित विद्याधर शर्मा के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन कर किया गया। शिविर में दांत, आंख, नाक, कान, गले, हृदय रोग, शिशुरोग, गुदरोग, स्त्रीरोग, वात, श्वास, चर्म रोग, ब्लड प्रेसर, मधुमेह, सर्दी खांसी बुखार आदि जटिल एवं सामान्य रोगों से पीड़ति स्त्री, पुरुष एवं बच्चों को मिलाकर 253 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह देकर न केवल औषधियां प्रदान की गई अपितु आयुर्वेदानुसार जीवन शैली को अपनाकर जीवन जीने की कला भी सिखाई गई जिससे सभी आरोग्य रहें। जो कि संस्थान का उद्देश्य भी है। इस विषय पर विस्तार से बताते हुये संस्थान के प्रमुख चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा किहमें अपने आहार की मात्रा, उसके समय एवं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। जिसके लिये हमे ओवर ईटिंग, असमय एवं गुणवत्ताहीन भोजन नहीं करना चाहिये जो कि हमारे सुस्वास्थ्य मे सबसे बड़ा बाधक है।



शिविर में जानकारी देते डॉ.शर्मा व अन्य।



# फाइनली कपिल शो पर आ ही गए मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर...

**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान के बाद अब फाइनली आमिर खान भी कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर आ चुके हैं। इस एपिसोड का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसे देखकर शर्तिया आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर अगले मेहमान होंगे। शो का प्रोमो वीडियो बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कपिल शर्मा आमिर खान से कहते नजर आ रहे हैं कि हमें तो लगा था आप हमारे शो पर आएंगे ही नहीं। बता दें कि सलमान खान और शाहरुख खान तो कपिल शर्मा शो पर नजर आ चुके हैं, लेकिन कभी आमिर खान ने इस मंच पर कदम नहीं रखा। प्रोमो वीडियो में जहां कपिल शर्मा कई मुद्दों पर आमिर खान की टांग खींचते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style



# हिना
## प्रोड्यूसर राजन शाही से नहीं होती बातचीत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो के प्रोड्यूसर राजन शाही और इसके कलाकारों के बीच अक्सर खटपट की खबरें आती रही हैं। ऐसी अटकलें थीं कि मोहसिन खान, हिना खान और हर्षद चोपडा जैसे अभिनेताओं के शाही के साथ रचनात्मक मतभेद थे।


हाल में राजन शाही ने हिना खान के साथ अपने मतभेदों को स्वीकार किया है, जिन्होंने शो में अक्षरा का किरदार निभाया था। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत हिना खान ने शो में मुख्य भूमिका निभाकर की थी। लोगों ने उस दौरान के एपिसोड्स को भी खूब पसंद किया था। हालांकि, हिना खान और शो के निर्माता राजन शाही के बीच झगड़े की अटकलें थीं। लेटेस्ट इंटरव्यू में राजन शाही ने इसका जवाब दिया और यह भी कहा कि वह हिना खान और उनमें आए बदलाव की सराहना करते हैं। राजन शाही ने कहा, 'जो लोग अपना काम जानते हैं, जो हिम्मत करते हैं, वो जिंदा रहेंगे। उदाहरण के लिए, हिना के साथ मेरे मतभेद थे, और अब भी हैं। लेकिन वह सर्वाइव कर गईं, क्योंकि उनमें वह प्रतिभा थी। वह हुनर और एक्स-फैक्टर था कि चीजों को कैसे बदलना है। वह एक फैशन आइकन बन गई। मैं उससे बात नहीं करता, लेकिन उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'वो लड़की ने कितनी बुद्धिमानी से मेहनत की है, हा, हमारे आखिरी कुछ महीनों में दिक्कतें आई थीं। वो चैप्टर क्लोज हो गया लेकिन उस लड़की ने खुद को रीइन्वेंट किया। मेहनत की, आज भी कर रही है, ग्रांटेड नहीं ले रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डेडपूल एंड वुलवरिन' के ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे।




# हॉरर फिल्म में साथ होंगे अल पचीनो-डैन स्टीवंस

**लॉस एंजिल्स।** डैन स्टीवंस और अल पचीनो हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड मिडेल करने वाले हैं। वहीं, इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग: द न्यू एम्पायर' से लेकर 'अबीगैल' और आगामी 'कुक्कू' तक, डैन स्टीवंस हाल ही में हर जगह हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट की मानें तो डैन स्टीवंस ने एक अन्य फिल्म के लिए अल पचीनो के साथ हाथ मिलाया है। दोनों एक्सवाईजेड फिल्म्स और निर्देशक डेविड मिडेल की हॉरर मूवी 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अल पचीनो और डैन स्टीवंस दोनों हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं।



# परिवार में नहीं करतीं पॉलिटिक्स...

**मुंबई।** आलिया भट्ट जितनी प्रोफेशनल लाइफ में अच्छी हैं, उतना ही पर्सनल लाइफ में वह सबकी फेवरेट हैं। वह अपने ससुराल वालों की भी फेवरेट हैं। आलिया भट्ट अपने ससुराल वालों के बहुत करीब हैं। ना सिर्फ शादी के बाद बल्कि शादी से पहले ही आलिया, कपूर परिवार के हर सुख-दुख में साथ रही हैं। आलिया अपनी सासू मां नीतू कपूर के साथ-साथ अपनी उनकी रिद्धिमा कपूर के भी बहुत करीब हैं। रिद्धिमा सोशल मीडिया पर भी कोई मौका नहीं छोड़ती हैं उन पर प्यार बरसाने पर। अब रिद्धिमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी भाभी के तारीफों के पुल ही बांध दिए हैं। रिद्धिमा ने उस समय के बारे में बताया जब ऋषि कपूर को कैंसर हुआ था। रिद्धिमा ने बताया कि आलिया, ऋषि कपूर के बहुत करीब थीं।



# 'हीरामंडी' शो को लेकर बटोर रहे सुर्खियां

**मुंबई।** शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है, क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था।

## टीवी मसाला




# कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार जल्द होगा खत्म

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस बीच शो के होस्ट बिग बी ने सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें अमिताभ बच्चन ने मंगलवार रात को अपने ब्लॉग पर शेयर की थी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी के पसंदीदा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग में व्यस्त है। अमिताभ बच्चन जल्द ही दर्शकों के लिए 'केबीसी 16' लेकर आने वाले हैं। इस सीजन की शुरुआत 26 अप्रैल से होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो क्विज शो शूट करने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें लंच भी कार में करना पड़ रहा है। अमिताभ बच्चन मे मंगलवार रात को जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें पहली तस्वीर में एक्टर कैजुअल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी और तीसरी तस्वीर में वो फॉर्मल कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जैसे वो केबीसी के शूट के दौरान पहनते हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से ; रूप स्वरूप हुआ लोगों की ज़िमेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सेशन का ; स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का।'

## ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' ने मरून साड़ी में दिखाया ग्लैमरस अंदाज...

**मुंबई।** ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' यानी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह की संगीत नाइट में लाल रंग की साड़ी पहनकर अपनी मां के साथ पहुंची। इस दौरान सालों बाद रागिनी खन्ना का लुक काफी बदला हुआ लग रहा था। जिसे देखकर उन्हें पहचानना आसान नहीं था।इससे पहले आरती सिंह के मेहंदी के फंक्शन के लिए आरती ने मेहंदी कलर की सलवार कमीज को चुना था। रागिनी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर मेहंदी फंक्शन से अपने लुक और हाथों में मेहंदी लगाए हुए कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं। वहीं, आरती सिंह के ब्राइडल शॉवर में रागिनी खन्ना बहुत ही सिंपल से लुक में पहुंची थीं। आरती के ब्राइडल शॉवर की पार्टी में उन्होंने ब्लैक कलर की जीन्स और ब्लैक हाईनेक के साथ बेज कलर का ट्रांसपेरेंट टॉप पहना हुआ था।



# 'खतरों के खिलाड़ी 14' शो में शोएब दिखाएगा दम...

**मुंबई।** रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि कन्फर्म तौर पर किसी एक नाम पर हामी नहीं भरी गई। अब पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट को लेकर एक नाम सामने आया है। यह टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना एक्टर है। फेमस रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का आगाज होने वाला है। खतरनाक स्टंट से भरे इस शो में पहले से ज्यादा बड़ा खतरा देखने को मिलेगा। व्यूअर्स को हर बार से कुछ अलग देखने को मिले, इसके लिए शूटिंग लोकेशन बदल दी गई है। वहीं, फैंस को जिस चीज का इंतजार था, वो घड़ी भी अब सामने आ गई है।

***पहला कंटेस्टेंट हुआ कन्फर्म :*** खतरनाक स्टंट शो से भरे 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को हर एक एपिसोड में पहले से ज्यादा डरावने स्टंट कराए जाते हैं। कभी पानी में देर तक बिना सास रोके एक टास्क पूरा करना होता है, तो कभी जानवरों के बीच रहकर अपने टास्क को अंजाम तक पहुंचाना होता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में भी कुछ ऐसे ही स्टंट कंटेस्टेंट्स को परफॉर्म करने होंगे। इस बार की शूटिंग केप टाउन में न होकर, रोमानिया में होगी। दीपिका कक्कड़ ने नए व्लॉग में 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर हिंट दी है। दरअसल, शोएब इब्राहिम, दीपिका से कहते हैं कि जिम करने के बाद आइसक्रीम खाकर उन्हें गिल्ट होता है।

# *धोनी की बेटी जीवा के साथ सुशांत सिंह की थ्रोबैक फोटो इंटरनेट पर छाई, खूब हुई थी दोनों की मस्ती*

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई है, जिसमें वह धोनी की बेटी जीवा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। ये तस्वीर तब की है जब वह धोनी के घर पर अक्सर जाया करते थे। धोनी और उनकी फैमिली से मिलवाने के लिए सुशांत अंकिता लोखंडे को भी एक बार अपने साथ ले गए थे। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में दिवंगत एक्टर स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। ब्लैक एंड वाइट इस तस्वीर में सुशांत मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे बैठे धोनी दोनों को देखते हुए स्माइल दे रहे हैं। तस्वीर देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भावुक हो उठे हैं। एक ने लिखा- आपको बहुत मिस करते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- लेजेंड्स कभी नहीं मरते।

### लोगों ने कहा- सुशांत जिन्हें लोग कभी भूल नहीं सकते

एक अन्य ने कमेंट किया- सुशांत एक ऐसा नाम है जिसे लोग कभी भूल नहीं सकते। बता दें कि ये फोटो 2016 की है, जब सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और दिशा पटानी भी नजर आई हैं।

### अंकिता को मिलाने लेकर गए थे धोनी के घर

यहां ये बी बता दें कि सुशांत धोनी के घर अपनी गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे के साथ पहुंचे थे। वैसे बायोपिक की वजह से सुशांत का धोनी



के घर आना-जाना रहता था और वो अंकिता को भी उनसे मिलाने लेकर गए थे। इस मौके पर सुशांत और अंकिता ने जीवा के साथ खूब सारा वक्त बिताया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आज भी सबका दिल जीत रही हैं।

### सुशांत के निधन को 4 साल हुए पूरे

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई स्थित आवास में मृत पाए गए थे। सुशांत के निधन के 4 साल बाद भी इस केस में सीबीआई जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। एक्टर के फैंस और परिवार का कहना है कि उनके चहेते सुशांत सिंह राजपूत को इंसाफ नहीं मिल पाया है। लगातार उनके लिए जस्टिस की मांग कर रहे हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्में

# हॉलीवुड का धमाल : लाखों में बनाया और अरबों में कमाया..!

*मुंबई। फिल्में हमेशा से ही मनोरंजन का साधन रही हैं। फिर चाहे वो तब का जमाना हो या अब का। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड। हर साल ना जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इनमें कुछ ब्लॉकबस्टर होती हैं, कई सुपरहिट होती हैं तो कइयों को असफलता का स्वाद भी चखना पड़ता है। अब तक की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली सारी फिल्में हॉलीवुड की हैं। एक फिल्म तो 52 साल पहले 1972 में रिलीज हुई थी।*



**पैरानॉर्मल एक्टिविटी :** साल 2007 में रिलीज हुई ये एक ऐसी हॉरर फिल्म है, जिसे देखने वालों की रूह कांप गई थी। ओरेन पेली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 12 लाख 49 हजार 927.50 रुपए था, लेकिन इसने 16 अरब, 11 करोड़, 57 लाख, 31 हजार 900.00 रुपए का प्रॉफिट कमाया था।




**टार्नेशन :** ये फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। मानसिक रूप से बीमार मां के साथ बड़े होने के फिल्म निर्माता के अपने अनुभवों को लेकर बुनी गई 'टार्नेशन' 218.32 डालर के बजट में बनाई गई है। जोनाथन कॉउएट के निर्देशन में बनी ये मूवी परिवार, मेंटल हेल्थ और पहचान से जुड़ी मुश्किलों को एकदम खुलकर बताती है। पूरी फिल्म उन फुटेज से बनी है, जिन्हें डायरेक्र जोनाथन ने 19 सालों में रिकॉर्ड किया था। ये फिल्म भी सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसने 1,200,00 डॉलर का प्रॉफिट कमाया।




**'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' :** 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' 1999 की हॉरर फिल्म है, जिसका डायरेक्शन डैनियल मायरिक और एडुआर्डो सांचेज ने किया। कहानी एक डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर्स के ग्रुप की है, जो एक चुड़ैल के बारे में स्थानीय किंवदंती की जांच करते हुए जंगल में खो जाते हैं। इस फिल्म का फुटेज स्टाइल, शानदार एक्टिंग और मार्केटिंग कैंपेनिग ने इसे सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। इस फिल्म की फुटेज शैली एक मील का पत्थर और हॉरर सिनेमा का एक क्लासिक बन गया। क्रिटिक्स की जबरदस्त सराहना की बदौलत फिल्म ने बंपर प्रॉफिट कमाया। 49, 99, 356.00 रुपए में बनी इस फिल्म ने इतना प्रॉफिट कमाया कि सुनकर आपके कान खड़े को जाएंगे। जी हां। ये आंकड़ा 20 अरब, 71 करोड़, 58 लाख, 38 हजार था।

**डीप थ्रोट :** इस फिल्म का बजट 25,000 डालर यानी 20, 83, 212.50 भारतीय रुपए था। प्रॉफिट हुआ 22,528,467 डालर का। यानी 1877263362.41डालर (1 अरब, 87 करोड़, 72 लाख, 63 हजार तीन सौ 62 रुपए) का। 1972 में रिलीज हुई 'डीप थ्रोट' काफी बोल्ड फिल्म थी। इसका डायरेक्शन जेरार्ड डेमियानो ने किया। ये फिल्म विवाद का कारण बनी। पूरे देश में सेंसरशिप और कानून के बारे में चर्चा तेज हो गई। लीड एक्ट्रेस लिंडा लवलेस खुद इस फिल्म के खिलाफ चली गईं, जिससे नारीवादी आंदोलन पर भी प्रभाव पड़ा। इतना कुछ होने के बावजूद इसका नाम इतिहास में दर्ज है।



**इरेजर हेड :** इसका बजट 10,000 डालर (833285 रुपए) था। फिल्म ने 7,000,000 डालर (58 करोड़ 32 लाख 99 हजार 500 रुपए) का प्रॉफिट कमाया। 1977 में रिलीज हुई ये हॉरर मूवी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई। फिल्म के भयान सीन और डरावनी आवाजें आज भी रूह कंपा देते हैं।





## खबर संक्षेप



### स्वान के पेशाब के रास्ते में फंसी पथरी को सर्जरी कर निकाला गया बाहर

**वाड्रफनगर।** रामानुजगंज निवासी अंकित जायसवाल के डॉग को तीन-चार दिनों से पेशाब नहीं होने के कारण उसका उपचार रामानुजगंज में चल रहा था। उपचार का कोई असर नहीं होने पर उसे पशु चिकित्सालय वाड्रफनगर लाया गया। डॉ.देवेन्द्र यादव ने पशु मालिक से समस्या की विस्तार से जानकारी ली तथा डॉग की जांच की तो पेशाब के थैली फूली मिली। पशु चिकित्सालय की टीम द्वारा पेशाब के रास्ते में कैथर डाला गया तो यह पास नहीं हो रहा था। डायग्नोस्टिक संसाधनों की कमी के कारण पेशाब में रूकावट का कारण पता नहीं चल पा रहा था। डॉग का एक्स-रे कराया गया तो पता चला कि पेशाब की शुरूआत वाले भाग में मटर के दाने के आकार की पथरी फंसी है जिसके कारण यूरिन पास नहीं हो रहा था। चिकित्सकों की टीम ने रेट्रो हाइड्रोपल्शन द्वारा पथरी को पेशाब की थैली में भेजा गया तथा डॉग को बेहोश कर शल्य क्रिया द्वारा पथरी को पेशाब की थैली से बाहर निकाला गया। पथरी बाहर नहीं निकाले जाने पर डॉग के पेशाब की थैली फटने से डॉग की मृत्यु हो सकती थी। चिकित्सक ने डॉग का आपरेशन कर उसकी जान बचा ली।

### आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस ने की शिकायत

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। कांग्रेस प्रत्याशी के अभिकर्ता के रूप में बाल कृष्ण पाठक ने रिटर्निंग अधिकारी को लिखित शिकायत में बताया है कि पीएम ने भाजपा प्रत्याशी की के प्राचार्य के दौरान सभा में भ्रामक प्रचार किया कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लेगी, आदिवासियों की चांदी छीन लेगी, लोगों से संपत्ति जब्त कर लेगी जबकि कांग्रेस के घोषणापत्र में इसका कोई जिक्र नहीं है। पीएम के झूठे व दुर्भावनापूर्ण, भयाक्रांत करने वाले भाषण से महिलाओं व समाज में गलत संदेश जा रहा है। ऐसे में उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में स्टार प्रचारक पर हेट स्पीच की कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने शिकायत में बताया है कि भाजपा द्वारा पीएम के कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शासकीय सम्पत्ति पर पार्टी के झंडे लगाए गए। सार्वजनिक स्थान पर नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाई गई। इस लिए इस मामले में भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कार्रवाई कर प्रचार सामग्री का व्यय भाजपा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाए व तत्काल शासकीय संपत्ति से बैनर पोस्टर हटाए जाए। वहीं पीएम की सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी मंच पर स्वयं मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों को बुलाया गया जिन्हे आवागमन, भोजन पानी की सुविधा दी गई इस लिए नियम के तहत इस सभा का ख़र्च भाजपा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाए।

### मां की बीमारी से परेशान युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** मां की बीमारी से परेशान युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम डांडमोहनी निवासी तीरथ पनिका आ. स्व. रंगीला पनिका (18 वर्ष) बुधवार की दोपहर घर से लगभग 6-7 किमी दूर घूमने निकला था जिसके बाद घर नहीं लौटा । शाम 4 बजे युवक ने फोन कर बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि तीरथ अपनी मां ललिता के दिमागी हालत पिछले 7-8 साल से ठीक नहीं होने से काफी परेशान था और हर समय मरने की बात कहता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### उरांव समाज ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व

**अम्बिकापुर।** उरांव समाज की जिला इकाई मूली पड़हा के नेतृत्व में चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार को धूधाम से सरहुल पर्व मनाया गया। पर्व में जिलेभर के ग्रामीण शामिल हुए। सरहुल पूजा के के लिए विभिन्न गांवों के लोग अपने क्षेत्र के सरना स्थल पर बैगा द्वारा पूजा संपन्न कराने के बाद सरना स्थल कोरेया बाड़ी अजिरमा में एकत्र हुए तथा पारंपरिक तरीके से सामूहिक पूजा में शामिल हुए। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर सरना स्थल से विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल समाज के लोग मांदर की थाप पर झूमते नाचते-गाते गहिरा गुरू आश्रम, हनुमान मंदिर चौक, जिला अस्पताल चौक बिलासपुर चौक का भ्रमण करते हुए वापस ट्रांसपोर्ट नगर सरना स्थल पहुंचे जहां रैली सभा में बदल गई। सभा में समाज के लोगों ने सरहुल नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सरहुल पूजा में धरती और सूर्य का विवाह किया जाता है। इसे खद्दी और कठोरी पूजा कहते हैं। पूजा के दौरान तीन घड़े में पानी रखा जाता है जिसके आधार पर आने वाले समय में मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता है तथा अनुमान के आधार पर ही खरीफ खेती की तैयारियां की जाती है। बैगा द्वारा रायेस का वितरण किया जाता है।

### दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान

# तीन दिन की राहत के बाद अब होगा भीषण गर्मी से सामना, पारा में 1 डिग्री की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से दो-तीन दिन की राहत के बाद एक बार फिर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों के भीतर तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहे। बेमौसम बारिश के बाद दिन के तापमान में 11.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई थी जिससे गर्मी से राहत थी। प्रथम दिवस तो मौसम पूरी तरह से बदल गया था तथा गर्मी पूरी तरह खत्म हो गई थी लेकिन दूसरे दिन मौसम साफ होने के साथ ही तापमान में वृद्धि होना शुरू हो गया था। इस बीच तीन दिनों से पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही शाम में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही दो दिनों तक कहीं-कहीं बूंदाबादी भी हुई। इस दौरान दिन का तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही तापमान में 1.0 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। फिलहाल आसपास के क्षेत्रों में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसके कारण मौसम विज्ञानी आगामी तीन दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने एवं तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान लगा रहे हैं। तीन दिन पूर्व सक्रिय विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद सुदूर उत्तर भारत में 24 अप्रैल को एक अन्य विक्षोभ सक्रिय हुआ था लेकिन बेहद कमजोर होने के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ पर इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर हल्के बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वैसे भी चिलचिलाती धूप निकलने के कारण धरती की पूरी नमी वाष्पित होकर सूख जा रही है तथा आसमान पर हल्के बादलों में बदल जा रही है। एक नया पछुआ विक्षोभ 26 अप्रैल को उत्तर भारत में सक्रिय होने की संभावना है। जिसका प्रभाव 28 अप्रैल तक सरगुजा संभाग में पहुंचने की संभावना है। अभी विक्षोभ के घनत्व की जानकारी नहीं होने के कारण मौसम विज्ञानी उसके प्रभाव के विषय में कुछ नहीं बता पा रहे है। फिलहाल कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं है जिसके कारण विक्षोभ के पहुंचने के पूर्व भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। सरगुजा में अभी तक दिन का तापमान 40.5 डिग्री तक रिकार्ड किया गया है। पड़ोसी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ने के कारण मौसम विज्ञानी अधिकतम तापमान में तेज वृद्धि होने का अनुमान लगा रहे हैं।

**खास बात**

- तीन दिन बाद विक्षोभ के प्रभाव से राहत की संभावना



### कार की टक्कर से साइकिल सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** किराना दुकान सामान लेने जा रहे साइकिल सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल में मौत हो गई। रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी भैयालाल बुधवार की सुबह साइकिल से किराना दुकान सामान लेने जा रहा था। जैसे ही साइकिल सवार मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 2623 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल को रामानुजनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुत्र लरंगसाय कुजूर ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण की मौत

ग्राम रघुनाथपुर चारपारा निवासी गुलाब सिंह बुधवार को पत्नी श्रीमती शांति बाई के साथ सायकल से ग्राम मेण्ड्रा परिचित के यहां फलदान कार्यक्रम में शामिल होने गए। शाम को शांति दूसरे के बाइक से घर आ गई जबकि पति साइकिल से घर जा रहा था। रात लगभग 8.30 बजे सायकल सवार जैसे ही ग्राम अभयपुर के समीप तीन खूंटी मोड मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पत्नी ने प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## ऑटो सवारों को अज्ञात पिकअप चालक ने मारी टक्कर बच्चे समेत आधा दर्जन ग्रामीण सवार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ऑटो सवार को अज्ञात पिकअप चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में ऑटो सवार बच्चे समेतआधा दर्जन ग्रामीण यात्री घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुरवां निवासी 60 वर्षीय रामधारी पिता गेदू गोंड गुरुवार की दोपहर परिवार के 50 वर्षीय जगेशिया, 6 वर्षीय मासूम हंस पिता संतोष, धनेश्वरी पिता इंद्रराज, राधिका पिता नुमेश्वर, तपेश्वर, थलेश्वर के साथ ऑटो बुकिंग कराकर ग्राम पंचायत तेलईकछार में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर नायरा पेट्रोल पंप के समीप जैसे ही ऑटो चालक वाहन में तेल डलवाने के लिए मुड़ा था, तभी बिश्रामपुर से सूरजपुर की ओर जा रहे अज्ञात पिकअप वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ऑटो सवार आधा दर्जन लोगों को चोट आई है, सूचना मिलने पर आरक्षक अजय सिंह, अखिलेश पांडेय नें स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा द्वारा दो लोगों को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

- घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में उपचार हेतु लाया गया, दो घायलों को अंबिकापुर किया गया रेफर
- बिश्रामपुर-सूरजपुर एन एच 43 स्थित नायरा पेट्रोल पम्प के पास की है घटना




दुर्घटना में घायल ऑटो सवार।

## जिले में इस वर्ष रोके गए 47 बाल विवाह, एक मामले में हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला चुस्त है। अब तक जिले में 47 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। जबकि एक बाल विवाह होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9, 10, 11 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिला कि एक नाबालिग बालिका के बाल विवाह की जा रही है। सूचना पर परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में टीम ग्राम केंवरा पहुंची जहां लड़की के घर जांच की गई तो घर कोई नहीं था। काफी मसक्कत के बाद लड़की के परिजन टीम के समक्ष उपस्थित हुए और विवाह करने से इनकार किया। शिकायतकर्ता से पता चला की विवाह सम्पन्न हो गया है। जहां जाने पर पता चला की निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व ही चुप - चाप सीमित लोग बारात आए थे और विवाह सम्पन्न हो गया। लड़की को उसके ससुराल से वापस ला रहे है । तत्काल संयुक्त टीम लड़के के घर पहुंची तो पता चला कि वहां बकरे की पार्टी चल रही है सभी भोजन कर रहे हैं।, पूछताछ पर विवाह करने की बात स्वीकार किया। साथ ही समझाइश देने पर लड़के के पिता ने विवाह हो जाने की बात बताई और विवाह दूल्हे के साथ उसके पिता और अन्य पांच लोग चुपचाप तरीके से बारात गए और विवाह रोके जाने के डर से निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व विवाह कर लिए। लड़की के घर गई टीम को बताया गया वहां भी सभी ने विवाह करना स्वीकार किया। बालिका का दस्तावेज इकट्ठा किया गया बालिका मात्र 15 वर्ष 5 माह थी । बालिका का कथन उसके पिता का कथन विवाह हो जाने का पंचनामा तैयार किया गया, तत्पश्चात विवाह हो जाने के कारण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी मो. इमरान अख्तर ने थाना झिलमिली में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कराया। अपराध पंजीबद्ध करने के पश्चात विवाह में शामिल होने वाले सभी का अभियुक्त बना कर प्रस्तुत की जाएगी । वहीं बाल विवाह की लगातार सूचनाएं प्रशासनिक टीम को मिल रही है और विवाह रोकने की कार्रवाई की जा रही है । गत दिन एक 16 वर्षीय बालिका का विवाह तेलाईकछार में करने की सूचना मिली। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, तहसीलदार आरबी मानिकपुर , परियोजना अधिकारी श्रीमती बेरथा तिर्की , पर्यवेक्षक श्रीमती सुनिती दुबे , पर्यवेक्षक श्रीमती रामेश्वरी सिंह , जिला बाल संरक्षण इकाई से श्रीमती अंजनी साहू , चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार , जनार्दन यादव, कुमारी शीतल सिंह मौके पर जाकर जांच कर पाया कि बालिका की उम्र 16 वर्ष 6 माह हो रहा है ।परिजन को बाल विवाह नही करने के संबंध में समझाइश दी गई जिसके बाद परिजन विवाह नहीं करने की बात कही। एक अन्य प्रकरण प्रेमनगर में एक 18 वर्षीय बालक के बाल विवाह की सूचना मिली टीम ने मौके पर पहुंच किशोर के दस्तावेज की जांच की तो पता चला की वह 18 वर्ष का है जो विवाह योग्य नहीं है परिजन को समझाइश की गई जिसके बाद परिजन ने 21 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सहमति दी।



## मुख्य मार्ग स्थित पुलिस सहायता केंद्र से सौ मीटर की दूरी पर चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बुधवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने एन एच मुख्य बाजार पर बन रहे होटल की वायरिंग के गुच्छे को कटर मशीन से काटकर चुरा ले गये हैं, उक्त घटना से युवा व्यवसायी को करीब अस्सी हजार रूपये की क्षति पहुंचने की खबर है, बताया गया कि युवा व्यवसायी शिवनन्दनपुर निवासी गुरविंदर माखीजा अपने होटल जलतरंग स्वीट्स का रेनोवेशन कार्य करा रहे हैं, उक्त नव निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, इसमें बिजली व टाइल्स समेत अन्य कामों का अंतिम कार्य चल रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य बाजार स्थित दुकान के भीतर घुसकर ताम्बायुक्त तारों के गुच्छे को चार से पांच जगहों पर कटर मशीन से काटकर चुरा ले गये हैं, गुरूवार की सुबह 11 बजे जब युवा व्यवसायी चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने दुकान पहुंचे तब वायरिंग सामान की चोरी हो जाने की जानकारी मिली, घटना की रिपोर्ट युवा व्यवसायी गुरविंदर ने बिश्रामपुर थाना में की है, बताया गया कि जांच अधिकारी द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है, समाचार लिखे जाने तक उक्त मामले में पुलिस ने कोई अपराध दर्ज नहीं किया था।

- निर्माण अधीन होटल से ताम्बा युक्त तारों के गुच्छे को अज्ञात चोरों ने मशीन कटर से काटकर किया पार
- युवा व्यवसायी को हुई अस्सी हजार रूपये की क्षति

### पेट्रोलिंग पार्टी की खुली पोल, व्यवसाईयों में रोष

एन एच मुख्य मार्ग स्थित जिस निर्माण अधीन स्थल में चोरी हुई है, वहाँ से मात्र 100 मीटर की दुरी पर पुलिस सहायता केंद्र है, यहां पर यातायात विभाग की हाईवे पेट्रोलिंग वाहन तैनात होती है, साथ में पुलिस जवानों की भी ड्यूटी रहती है, इसके अलावा बिश्रामपुर पुलिस भी रोजाना देर रात तक पेट्रोलिंग करने का दावा करती है, इन सब के बावजूद मुख्य बाजार में चोरी की घटना हो जाने से बिश्रामपुर पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल उठने लगे हैं, स्थानीय पुलिस की सुस्त व लचर व्यवस्था से शिवनन्दनपुर - बिश्रामपुर व्यवसाईयों के मन में रोष व्याप्त है।

# किशोरी से गैंगरेप, 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम वीरपुर में बुधवार को सुबह विवाह समारोह से अपने परिचित के साथ पैदल घर लौट रही 13 वर्षीया किशोरी के साथ वीरपुर में गैंगरेप के मामले में जयनगर पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार प्रातः की घटना के बाद देर शाम परिजनों के साथ पहुंची पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा पूरी रात छापामार अभियान चलाकर मामले में शामिल सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

- मामले में शामिल सभी आठ आरोपी पकड़ाए
- पोक्सो एक्त की कार्रवाई, आरोपी ग्राम वीरपुर व कुम्दा के निवासी




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

इधर गैंगरेप की घटना पर कांग्रेस के पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं के साथ थाने में विरोध प्रदर्शन किया तथा पीड़िता के घर पहुंच मामले की जानकारी ली। बताया गया कि किशारी अपने परिचित के साथ मंगलवार की रात अपने दोस्त के विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम करमपुर गई थी, विवाह समारोह के बाद वह अपने परिचित के साथ तड़के चार बजे पैदल घर जाने के लिए निकली। इस दौरान वीरपुर मेन रोड चंद्रपुर सूरजपुर से बारात से लौट रहे आठ युवकों ने नाबालिग व उसके परिचित दोस्त को अकेला देखकर रोक लिया तथा पूछताछ करने के बाद संजय सिंह व मटुकधारी ने जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद दोनों आरोपी किशोरी को छोड़कर भाग निकले। किशोरी वापस पहुंची तो उसका दोस्त मौजूद नहीं था। वह अकेले अपने घर आई। दिन भर किशोरी के गुमसुम रहने पर परिजन उससे जानकारी ली तथा मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। जयनगर पुलिस ने मामले में शामिल दो मुख्य आरोपियों एंव आधा दर्जन सहयोगियों को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर तहसीलदार के समक्ष शिनाख्त परेड कराई तथा आरोपियों को जेल भेजा। आरोपी वीरपुर व कुमदा बस्ती निवासी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 363,376डीए आईपीसी व पोक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपियों में बीरपुर निवासी मुकुटधारी पिता चिरंजीत गोड़(26वर्ष), संजय सिंह पिता मूकदेव गोड़ (25), अमित रंजन भगत पिता स्व.राजकिशोर भगत (19वर्ष), अनिल सिंह पिता गंगा प्रसाद गोड़ (19वर्ष), पीताम्बर पिता गुलाब बरगाह (19वर्ष), खेलू सिंह पिता चिरंजीत गोड़ (19वर्ष), सुरेश पिता रामदेव गोड़ (23वर्ष), कुम्दा बस्ती निवासी नरेन्द्र सिंह पिता बोधन सिंह गोड़ (23वर्ष) शामिल है।

## पेज 1 का शेष

### श्रीराम-हनुमान सबसे...

भी झांसे में आने की जरूरत नहीं है। पंडित श्री शास्त्री ने स्थानीय भाषा में भी भगवान राम के भजन को गाया। करीब 2 घंटे के कार्यक्रम में लोगों को श्रीराम एवं हनुमान कथा से उन्होंने बांधे रखा। उक्त कथा को सुनने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा के लोकसभा कोरबा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, बसंत अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे सहित श्री जगन्नाथ मंदिर चिरमिरी के पुजारी सहित विभिन्न मंदिरों के पुजारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा हजारों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रोतागण उपस्थित रहे। कथा में पहुंचने वाले लोगों के लिए विभिन्न संगठनों के द्वारा शीतल पेयजल, शरबत और भंडारे की व्यवस्था की गई थी।

### निर्वाचन कार्य में...

विपरीत है एवं सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के अनुसार दंडनीय है। अतः दिग्विजय सिंह पैकरा के विरूद्ध छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 9 (1) के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पैकरा का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड सोनहत नियत किया गया है। निलंबन अवधि में दिग्विजय सिंह पैकरा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगा।

### जेईई मेंस की ...

अच्छी शिक्षा प्राप्त हो, इसकी कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में विकास पलहे के पिता रामबुक्ष पलहे ने बताया कि हिंद विद्यालय में अध्ययन करते हुए मेरा लड़का आज इस शिखर पर पहुंचा है, मैं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देता हूं और भी बच्चे इस विद्यालय से पढ़कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के परिवार की ओर से सभी अभिभावक से अपील है कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे, शिक्षक-शिक्षिका का विशेष सहयोग रहा और मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा।

